जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

21 अक्टूबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पीएचडी स्कॉलर ने अखिल भारतीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के शैक्षिक अध्ययन विभाग के पीएचडी स्कॉलर शाहिद जमाल ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित अखिल भारतीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वार्षिक सर सैयद दिवस समारोह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता में अंग्रेजी, उर्दू और हिंदी में प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थीं, जिसका विषय था: "समुदायों को जोड़ना: भारत में धार्मिक सद्भाव की श्रीवृद्धि के लिए सर सैयद के प्रयास।"

इस वर्ष, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने प्रत्येक भाषा श्रेणी में प्रथम पुरस्कार स्वरूप 25,000/- रुपये, द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 15,000/- रुपये और तृतीय पुरस्कार स्वरूप 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार दिया। शाहिद जमाल के उर्दू में लिखे निबंध ने उन्हें 15,000/- रुपये के नकद पुरस्कार के साथ द्वितीय पुरस्कार दिलाया। शाहिद के निबंध में भारत में धार्मिक सद्भाव और एकता की श्रीवृद्धि में सर सैयद अहमद खान की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

दिनांक 17 अक्टूबर, 2024 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में सर सैयद दिवस स्मारक समारोह में सभी पुरस्कार प्रदान किए गए, जहां मुख्य अतिथि प्रसिद्ध फिल्म निर्माता मुजफ्फर अली और कुलपति प्रो. नईमा खातून ने विजेताओं को अपने कर कमलों से सम्मानित किया।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया शाहिद जमाल को इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई प्रेषित करता है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया